प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 25 फरवरी, 2025 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने राज भवन, राँची में आज आयोजित 'AT HOME' कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवकों को गणतंत्र दिवस शिविर-2025 में झारखण्ड राज्य का गौरवपूर्ण प्रतिनिधित्व करने हेतु बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी और एनएसएस संगठनों की भूमिका को राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ये संगठन युवाओं को सामाजिक सेवा, राष्ट्रभक्ति और अनुशासन की दिशा में प्रेरित करते हैं। रक्तदान, साक्षरता अभियान, वृक्षारोपण, स्वच्छ भारत मिशन, पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन जैसे कार्यों में इनकी सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही है। उन्होंने एनसीसी से अपने जुड़ाव का स्मरण करते हुए कहा कि छात्र जीवन में उनका भी एनसीसी से गहरा नाता रहा है और सैन्य सेवा की ओर उनका झुकाव था। हालांकि आपातकाल के दौरान जेल जाने के बाद उनका जीवन एक नया मोड़ ले लिया और वे राजनीति में सक्रिय हो गए। बरेली की जनता के स्नेह से वे आठ बार लोकसभा

सांसद चुने गए और अब झारखण्ड राज्य के राज्यपाल के रूप में अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं।

माननीय राज्यपाल ने महिला सशक्तिकरण की चर्चा करते हुए एनसीसी और एनएसएस में बेटियों की बढ़-चढ़कर भागीदारी को एक उज्ज्वल उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियाँ आज अपने साहस और नेतृत्व क्षमता से देश और समाज को नई दिशा दे रही हैं, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने युवाओं को विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री जी के 'युवा शक्ति, विकसित भारत' के विज़न का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के सपने को साकार करने में युवाओं की भूमिका सबसे अहम है। उन्होंने कहा कि एनसीसी और एनएसएस देश की विविधता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण हैं, जहाँ भारत के विभिन्न राज्यों के छात्र-छात्राएँ एकजुट होकर अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और नेतृत्व की भावना का विकास करते हैं।

राज्यपाल महोदय ने झारखण्ड राज्य के अधिक से अधिक युवाओं को एनसीसी और एनएसएस से जुड़ने का आह्वान किया ताकि वे शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का भी सफलतापूर्वक

निर्वहन करें और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ।

उक्त अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ० नितिन कुलकर्णी, एनसीसी के ADG, बिहार-झारखण्ड मेजर जनरल ए०एस० बजाज, एनसीसी के वरीय पदाधिकारीगण, एनएसएस के समन्वयक, एनसीसी के कैडेट्स एवं एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज पूर्व लोकसभा सांसद श्री पी०एन० सिंह ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल महोदय को उन्होंने धनबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में आमंत्रित किया।

---

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के श्री देवेन्द्र नाथ महतो के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल महोदय का जैक द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में पेपर लीक की घटना की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसकी सीबीआई जांच कराने हेतु पहल करने का आग्रह किया। साथ ही, इस संदर्भ में फास्टट्रैक कोर्ट के गठन की बात कही। शिष्टमंडल द्वारा आग्रह किया गया कि माननीय स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री द्वारा इस संदर्भ में श्वेत पत्र जारी किया जाए। शिष्टमंडल ने जैक के अध्यक्ष एवं सचिव को अयोग्य करार देते हुए निलंबित करने हेतु भी आग्रह किया। उक्त अवसर पर झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति तथा जेपीएससी 1 तथा 2 बैच के आरोपी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई।